### लाखनमाजरा में हार्दिक के घर सांत्वना देने पहुंचे पंजाब के सीएम भगवंत मान, खेल मंत्री गौरव गौतम और अभय चौटाला

# खिलाड़ियों के परिजन बोले- स्टेडियम की मरम्मत क्यों नहीं करवाई, बेटा ही नहीं रहा तो रुपयों का क्या करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक/महम

लाखनमाजरा निवासी बास्केट बॉल खिलाड़ी हार्दिक की मौत का मामला गरमाया हुआ है। वीरवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, खेल मंत्री हरियाणा सरकार गौरव गौतम और इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला हार्दिक के घर शोक जताने पहुंचे। उन्होंने घटना को बहुत ही दुखद बताया। भगवंत मान और अभय चौटाला ने खेल स्टेडियम के खस्ता हाल पर सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के लिए कहा। खेल मंत्री ने कहा खेल अधिकारी को सस्पेंड किया जा चुका है। इस दौरान हार्दिक के पिता संदीप राठी ने सरकार द्वारा पांच लाख की आर्थिक सहायत देने की बात पर कहा सरकार की लापरवाही की वजह से बेटे की जान गई। बार-बार मांग करने के बावजूद स्टेडियम की मरम्मत नहीं करवाई गई। जो नेता अधिकारी अब आ रहे हैं, वह पहले आ जाते थे तो आज उनका बेटा जिंदा होता।



**रोहतक।** परिवार के साथ खेल मंत्री गौरव गौतम।



**रोहतक।** घर पहुंचे पंजाब के सीएम भगवंत मान।

#### हार्दिक की याद में स्मारक बनाने की बात हुई : गौतम

गौरव गौतम ने कहा कि हार्दिक राठी के परिवार का दुख बांटने के लिए सरकार व सीएम नायब सैनी हर समय तैयार खड़े हैं। पूरा समाज परिवार के साथ है। परिवार से बात हुई है, जो भी परिवार मदद चाहता है, उन्हें सरकार की तरफ से दी जाएगी। हार्दिक की याद में कुछ चीजें बनानी हो तो उसके लिए भी बात हुई है।

#### देशभर में हो जांच : मान

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने खेल मंत्रालय से मांग की कि सभी राज्यों से खेल मैदानों की मौजूदा स्थिति की रिपोर्ट मांगे और खस्ताहाल ढांचों की जांच करवाए, ताकि अगला हार्दिक या अमन महज प्रैक्टिस करने जाते हुए मौत का शिकार न बने।

#### सरकार की लापरवाही : अभय

इनलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि खेल स्टेडियमों में स्टील के पोल लगे हुए है और उनकी भी एक अवधि होती है, लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह घटना सीधे सीधे सरकारी सिस्टम की लापरवाही है।

#### बहादुरगढ़ : जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो

**बहादुरगढ़।** बास्केट बॉल प्लेयर अमन की मौत के बाद परिवार गहरे सदमे में है और उनमें पीजीआई रोहतक में भर्ती गई लापरवाही पर भी रोष बना हुआ है। चूंकि 30 नवंबर को परिवार में शादी है तो इसलिए वीरवार को अमन की रस्म तेरहवीं कर दी गई। अमन की मौत के बाद से उसके माता, पिता की आंखों से आंसू बंद नहीं हो रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा घोषित पांच लाख रुपये की राहत राशि पर भी पिता सुरेश ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उनका बेटा छिन गया है, ऐसे में इस रकम का कोई अर्थ नहीं। उन्होंने हादसे और इलाज में देरी के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई।

#### मुख्यमंत्री बोले- खेल परिसरों का निरीक्षण हो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।



मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख की सहायता राशि जारी करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सख्त और स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और खेल परिसरों में स्थित भवनों और खेल उपकरणों का संपूर्ण निरीक्षण कर उपयुक्त मरम्मत सुनिश्चित किया जाए।

## अनुराग ढांडा और डॉ. सुशील गुप्ता ने दुख व्यक्त किया

**रोहतक/चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता लाखनमाजरा हार्दिक के घर पहुंचे। ढांडा ने कहा कि हरियाणा में खेल सुविधाएं खिलाड़ियों को मंच नहीं दे रहीं, बल्कि मैदान उनकी कब्रगाह बन रहे हैं। दो बच्चों की मौत कोई संयोग नहीं बल्कि व्यवस्था का पतन है, और जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती लड़ाई जारी रहेगी। वहीं डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि एक ओर सरकार खेल नीति के बड़े-बड़े दावे करती है, दूसरी ओर बच्चे अभ्यास में नहीं, लापरवाही में मर रहे हैं। अब चुप्पी नहीं, जवाबदेही तय होनी चाहिए।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग

**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

### घोषणा

**विषय: उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में ( विज्ञा. सं. 56/2024 ) गणित विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर ( कॉलेज कैडर ) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा।**

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में गणित विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 56/2024 | 07.12.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **http://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 01.12.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 27.11.2025

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/365/2026/40694/88/6 दि. 27.11.25


# डॉक्टर्स ने पैन डाउन हड़ताल की, दो घंटे ओपीडी बंद रखी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर और एक्शन कमेटी द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार वीरवार को प्रदेशभर में सरकारी अस्पतालों में सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी सेवाएँ ठप रहीं। डॉक्टरों ने सरकार द्वारा डायरेक्टएसएमओ भर्ती शुरू करने और संशोधित एसीपी संरचना अब तक लागू न होने पर विरोध जताया है। डाक्टरों की हड़ताल के कारण मरीज परेशान होते रहे। डॉक्टरों का कहना है कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने भर्ती पर रोक के स्पष्ट निर्देश दिए थे, और पिछले वर्ष आंदोलन के बाद सरकार ने आश्वासन भी दिया था। उसके बाद भीभर्ती प्रक्रिया फिर शुरू होने से नाराजगी व्याप्त है। संघ ने कहा कि देश में कहीं भी डायरेक्ट एसएमओ भर्ती का मॉडल लागू नहीं है। संशोधित एसीपी पर एक वर्ष से अधिसूचना लंबित संशोधित एसीपी संरचना को मुख्यमंत्री और वित्त विभाग की मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधिसूचना जारी नहीं हुई।

#### सरकार को विकल्प सुझाए

डॉक्टरों ने सरकार को ऑप्शनल एनपीए, आयुष्मान इंसेंटिव और स्पेशलिस्ट इंसेंटिव जैसे विकल्प भी सुझाए हैं। एचसीएमएस हरियाणा के आह्वान पर वीरवार को सुबह से ही पंचकूला अंबाला सहित कई जिलों में डाक्टरों के प्रदर्शन और कलम छोड़ सफल रहने की सूचनाएं मिली हैं। चिकित्सकों ने प्रदर्शन कर उनकी मांगों को तुरंत हल करने की मांग की है।

## अंबाला रेंज के 21 पुलिस कर्मी पदोन्नत किए

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक, अंबाला रेंज पंकज नैन ने अंबाला रेंज के कुल 21 पुलिस कर्मचारियों को पदोन्नत किया है। यह पदोन्नति कर्मचारियों की उत्कृष्ट, निष्ठावान एवं अनुशासित सेवा को मान्यता देते हुए विभागीय नीति के तहत प्रदान की गई है। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने सभी पदोन्नत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि पदोन्नति केवल अधिकारों में वृद्धि नहीं, बल्कि यह जिम्मेदारियों को और अधिक लगन, सत्यनिष्ठा और दक्षता से निभाने का अवसर भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी कर्मचारी भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। अंत में, उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य एवं सफल सेवा-काल की शुभकामनाएं दीं।


## खाद तेल महंगे, बिगड़ा रसोई का बजटः सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने देशभर में खाद्य तेलों के दाम पिछले कई महीनों से लगातार बढ़ रहे हैं, जिसके कारण आम उपभोक्ता की रसोई का खर्च काफी बढ़ गया है। सरसों, सूरजमुखी, पाम और रिफाइंड तेलों की कीमतों में 15-20 तक की वृद्धि ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर कर दी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि कहा कि जनता को राहत देना सरकार की जिम्मेदारी है, न कि उनकी मुश्किलें बढ़ाना। हरियाणा के लोगों की आवाज़ बनकर वह इस मुद्दे को संसद और राज्य दोनों स्तरों पर मजबूती से उठाएंगी। सांसद ने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि महंगाई कम हो रही है जबकि महंगाई के चलते रसोई का बजट बिगड़ चुका है। तेल के दामों में भारी बढ़ोतरी कर दी है।

# नई सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी लागू की जाएगी


हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

सरकार प्रदेश में प्राकृतिक गैस अवसंरचना के विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से एक आधुनिक और निवेशक-हितैषी सिटी गैस (सीजीडी) वितरण नीति लागू करने की तैयारी कर रही है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड से प्राप्त सुझावों को इस नीति में शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने विश्वास व्यक्त किया कि नई सीजीडी पॉलिसी से हरियाणा की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिलेगी, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा और हरियाणा अग्रणी राज्यों में शुमार होगा।



#### निवेश के नए अवसर खुलेंगे

प्रस्तावित सीजीडी पॉलिसी से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और वितरण नेटवर्क में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र से निवेश के नए अवसर खुलने की उम्मीद है। मुख्य सचिव ने कहा कि इस नीति से पाइपलाइन अवसंरचना के निर्माण के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। साथ ही, इससे निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित होगी तथा पहुंच और सुरक्षा से जुड़े उपभोक्ता हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गैंग का सदस्य अमर सिंह उर्फ मुछ गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) यूनिट करनाल ने अत्यंत महत्वपूर्ण ऑपरेशन में लॉरेंस बिश्नोई–काला राणा नौनी राणा गैंग के खूंखार और सक्रिय सदस्य अमर सिंह उर्फ मुछ को गिरफ्तार कर गैंग की एक बड़ी आपराधिक साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया है। गुप्त सूचना पर फोर्ड एंडेवर में सवार आरोपी काबू, विदेशी ऑटोमेटिक पिस्तौल बरामद एसटीएफ करनाल के इंचार्ज, निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 25 नवंबर को करनाल–इंद्री रोड से आरोपी अमर सिंह को दबोचा।

### यमुना पुनरीक्षण समिति की 9वीं बैठक आयोजित

**चंडीगढ़।** प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि ऊपरी यमुना पुनरीक्षण समिति से जुड़े सभी अंतर्राज्यीय जल परियोजनाओं की प्रगति को तेज करना बेहद जरूरी है। उन्होंने 1994 के जल-बंटवारा समझौते यमुना जल प्रबंधन तथा रेणुका, किशाऊ और लखवार जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की धीमी गति पर चिंता जताई। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल की अध्यक्षता में नोएडा सेक्टर 62 में आयोजित ऊपरी यमुना पुनरीक्षण समिति की 9वीं बैठक मे सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि किशाऊ परियोजना उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बीच विद्युत घटक की लागत साझेदारी को लेकर विवाद के कारण रुकी हुई है।

### सिरसा में कई मेडिकल स्टोरों पर छापे मारे

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने फिर दोहराया कि प्रदेश के युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रदेश को नशा मुक्त करने के अभियान में अधिकारियों को अवैध नशीली दवाएं बेचने वालों के विरुद्ध अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों की अनुपालना में नशा-मुक्त भारत अभियान के तहत हरियाणा के फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा सिरसा जिला में कई मेडिकल स्टोरों पर छापे मारे गए। इस दौरान नियमों की अवहेलना मिलने पर 20 मेडिकल स्टोर संचालकों पर कार्रवाई की गई।

### टली के प्रतिनिधिमंडल का मंत्री ने किया स्वागत

**चंडीगढ़।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा तकनीकी शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय मानकों से जोड़ने की पहल को मजबूत करते हुए राजकीय पॉलिटेक्निक उमरी (कुरुक्षेत्र) में इटली से आए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत किया गया। इस प्रतिनिधिमंडल में ओरेस्ट विगोरिटो, फ्लेवियन बेसिले सहित अन्य प्रमुख सदस्य शामिल थे, जो भारत और इटली के बीच शिक्षा, कौशल विकास तथा तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं और तकनीकी संसाधनों का विस्तृत निरीक्षण किया।

---

कांग्रेस की ओर से वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान पूरे हरियाणा में चल रहा

# हुड्डा गुट से माने जाते थे राव नरेंद्र, कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद पोस्टर से हुड्डा की ही फोटो गायब

**प्रदर्शन में कुमारी सैलजा व रणदीप सुरजेवाला मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे**

*कांग्रेस के वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के तहत प्रदेश के 11वें जिले के तौर पर नारनौल में किया विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, मतलब अब तक हरियाणा के आधे जिलों में यह प्रदर्शन किया जा चुका*

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

दक्षिणी हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र से जुड़े पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह को जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का ताज मिला तो गुटबाजी खत्म होने की उम्मीद जगी थी। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत बार-बार कांग्रेस मंच से भी एकजुटता का पाठ पढ़ाया गया। जब खुद प्रदेश अध्यक्ष के गृह जिला महेंद्रगढ़ की बारी आई तो गुटबाजी की पोल खुल गई। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से कुमारी सैलजा व रणदीप सुरजेवाला मौजूद रहे। इस प्रदर्शन से पूर्व सीएम चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र सिंह व महेंद्रगढ़ से पूर्व विधायक राव दानसिंह ने दूरी बनाए रखी। दरअसल, कांग्रेस पार्टी की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पूरे हरियाणा में चलाया हुआ है। कांग्रेस जिलावार जाकर लोगों को भाजपा की खामियों को बता जिला प्रशासन के मार्फत राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंप रही है।

■ बार-बार कांग्रेस मंच से भी एकजुटता का पाठ पढ़ाया गया



नारनौल। विरोध प्रदर्शन में मौजूद राव नरेंद्र, कुमारी सैलजा व रणदीप सुरजेवाला। फोटो: हरिभूमि




नारनौल। राव नरेंद्र के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद हुड्डा की ही फोटो पोस्टर से गायब। फोटो: हरिभूमि

### प्रदर्शन से संबंधित कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव के फेसबुक पेज पर पोस्टर लगाया गया

नारनौल में यह कांग्रेस का 11वां कार्यक्रम था। मतलब अब तक हरियाणा के आधे जिलों में यह प्रदर्शन किया जा चुका है। अब तक गृह जिला महेंद्रगढ़ की बात आई तो बीते 15 दिनों से प्रदर्शन को सफल बनाने में कांग्रेस नेता लगे हुए थे। आधी टेंशन तो यह थी कि अन्य जिलों में तो प्रदर्शन में भीड़ आ रही है, कहीं ऐसा ना हो कि गृह जिला में लोग कम पहुंचे। लेकिन भीड़ के लिहाज से प्रदर्शन सफल रहा। नारनौल के इस प्रदर्शन से संबंधित कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के फेसबुक पेज पर पोस्टर लगाया गया। पोस्टर में चार फोटो लगाई गई। इनमें राहुल गांधी, कुमारी सैलजा और संविधान की किताब को हाथ में लिए खुद राव नरेंद्रसिंह की फोटो थी। इस पोस्टर में लगी फोटो में हुडा गुट नदारद था। खुद की ही फेसबुक पर लगाए गए पोस्टर में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा गायब कर दिए गए। इसकी क्षेत्र में खूब चर्चा हुई।

### पोस्टर में नहीं थे हुड्डा, पहुंचे सैलजा और सुरजेवाला

साल 2009 से 2014 के बीच नारनौल विधानसभा से हजकां की पार्टी से राव नरेंद्र सिंह विधायक बने। इसके बाद बीच में ही वह कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। इसका इनाम उस वक्त सीएम रहे चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें बतौर प्रदेश का स्वास्थ्य मंत्री पद देकर दिया। उसके बाद से कांग्रेस अध्यक्ष बनने से पहले तक राव नरेंद्र सिंह को हुड्डा गुट का ही माना जाता था। जब वह प्रदेश अध्यक्ष बने तो कांग्रेस की गुटबाजी में शामिल सभी नेताओं से मिले और एकजुटता का पाठ पढ़ाते हुए कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने की बात कही। अब तक नारनौल में विरोध प्रदर्शन हुआ तो वहां मौजूद लोगों और क्षेत्र में यहीं चर्चा रही कि जिस गुट से राव नरेंद्र सिंह की पहचान थी, आज वहीं गुट उनके साथ खड़ा दिखाई नहीं दे रहा। ऐसे में अब आने वाले समय में देखना होगा कि बतौर कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह पार्टी की गुटबाजी को खत्म कर पाते है या नहीं।

---

# दिल्ली-जींद पैसेंजर तीन महीने तक रहेगी रद्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

धुंध के चलते जींद से छह रेलगाडियां रद्द रहेंगी। इसमें से ट्रेन नंबर 54031-34 दिल्ली-जींद पैसेंजर ट्रेन को एक दिसंबर से लेकर 28 फरवरी तक तीन महीने रद्द रहेगी। इसके अलावा ट्रेन नंबर 15909-10 अवध-आसाम पैसेंजर ट्रेन निर्धारित दिनों में ही रद्द रहेगी। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रेन नंबर 54031 दिल्ली-पैसेंजर ट्रेन दोपहर 12 बजे पुरानी दिल्ली से चलती है। जो दया बस्ती, शकूरबस्ती, मूंडका, बहादुरगढ़ के रास्ते सांपला, रोहतक, समरगोपालपुर होते हुए जुलाना, जैजैवंती, किनाना के रास्ते जींद दोपहर लगभग सवा चार बजे पहुंचती है। इसके अलावा ट्रेन नंबर 54034 दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे जींद से चलती है। जो रात लगभग पौने आठ बजे दिल्ली पहुंचती है। यह दो ट्रेन रद्द रहने पर यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### यह गाड़ियां

इसके अलावा ट्रेन नंबर 15909-10 अवध-आसाम एक्सप्रेस ट्रेन भी तीन महीने अलग-अलग दिनों में रद्द रहेगी। ट्रेन नंबर 15909 सुबह दस बजे डिबरूगढ़ से चलती है। जो किशनगंज, नारायणपुर, मुज्जफरनगर, गाजियाबाद, दिल्ली होते हुए शाम सवा छह बजे जींद जंक्शन पर पहुंचती है। जो जाखल, बठिंडा के रास्ते होते हुए सुबह साढ़े चार बजे के बाद लालगढ़ पहुंचती है। इसी प्रकार 15910 रात सात बजकर 50 मिनट पर लालगढ़ से चलकर सुबह लगभग साढ़े चार बजे जींद पहुंचती है। जो दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर डिब्रूगढ़ पहुंचती है।

### इन दिनों में अवध-आसाम ट्रेन रहेगी रद्द

ट्रेन नंबर 15909 दिसंबर माह में छह, 13, 20, 27, जनवरी माह में तीन, 10, 17, 24, 31, फरवरी माह में सात, 14, 21 व 28 तारीख को रद्द रहेगी। इसके अलावा 15910 दिसंबर माह में नौ, 16, 23, 30, जनवरी माह में छह, 13, 20, 27 और फरवरी माह में तीन, 10, 17 और 24 व मार्च माह में एक तारीख को रद्द रहेगी।

### धुंध के चलते लिया निर्णयः स्टेशन अधीक्षक

रेलवे जंक्शन स्टेशन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि जैसे ही स्थिति सामान्य होगी और ट्रेनों का संचालन सुचारू रूप से जारी होगा तो यात्रियों को अवगत करवा दिया जाएगा। धुंध के चलते रेलवे ने कुछ ट्रेन रद रखने का निर्णय लिया।

---

मुख्य सचिव रस्तोगी ने की तैयारी की समीक्षा

# इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल की मेजबानी हरियाणा करेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

**6 से 9 दिसंबर तक पंचकूला में होगा आईआईएसएफ-2025**

हरियााणा 6 से 9 दिसंबर तक पंचकूला में इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (आईआईएसएफ)-2025 की मेजबानी करेगा। विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी के इस उत्सव के लिए इस वर्ष का थीम "विज्ञान से समृद्धिः फॉर आत्मनिर्भर भारत" रखा गया है। यह मिशन खुशहाली, आत्मनिर्भरता और टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में भारत के ग्लोबल लीडर के तौर पर उभरने में विज्ञान की अहम भूमिका को रेखांकित करता है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक में साइंस फेस्टिवल को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि आवास, सुरक्षा, परिवहन और मीडिया आउटरीच से संबंधित सभी जरूरी प्रबंध समय से पहले पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों के बीच सुचारू समन्वय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि आईआईएसएफ-2025 का मकसद वैज्ञानिकों, नव-प्रवर्तकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, इंडस्ट्री लीडर्स, साइंस कम्युनिकेटर और नीति-निर्माताओं को एक राष्ट्रीय मंच पर लाना है।

### हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का एक दिवसीय गोवा दौरा



चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को पणजी पहुंच गोवा का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गोवा विधान सभा परिसर और सिविल सचिवालय भी देखा। इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. गणेश गांवकर और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से अनेक विधायी और सामाजिक विषयों पर चर्चा की। प्रदेश के विकास की योजनाओं के बारे में भी बातचीत हुई। इस मौके पर विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि गोवा विधान सभा अध्यक्ष डॉ. गणेश गांवकर का लंबा व संघर्षपूर्ण राजनीतिक सफर वास्तव में प्रेरणादायक है।

---

अदालत ने दोषी पर तीस हजार जुर्माना भी लगाया

# हत्या के प्रयास में सात वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

■ शिवजी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था



जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम जुनेजा की अदालत ने हत्या का प्रयास करने के जुर्म में दोषी को सात वर्ष कैद तथा तीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव बुढ़ाखेड़ा लाठर निवासी परमजीत ने 24 नवंबर 2021 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी शराब ठेके के साथ परचून की दुकान है। वह अपने चचेरे भाई अनिल तथा शराब ठेकेदार दीपक के साथ खड़ा हुआ था।

मुलतः बिठमडा हाल आबाद लिजवाना कलां निवासी शिवजी वहां पर आ गया और गाली गलौज करने लगा। जिस पर परमजीत तथा अनिल ने ऐतरज जताया तो शिवजी ने अपने पास मौजूद असलहा से परमजीत व अनिल पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जिसमें परमजीत तथा अनिल को दो-दो गोलियां लगी। जब दीपक ने बीच बचाव की कोशिश की तो शिवजी ने उसपर भी फायरिंग कर दी। जिसमें गोली लगने से वह भी घायल हो गया। पुलिस ने परमजीत की शिकायत पर शिवजी के खिलाफ जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिवजी को गिरफ्तार कर लिया था। वीरवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम जुनेजा की अदालत ने शिवजी को सात वर्ष की कैद व 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

---

# हांसी की बिनौला फैक्ट्री में गिरा आर्मी का ड्रोन

## ड्रोन गिरने से हुई तेज आवाज से कर्मचारी घबराए, आर्मी कैंप से 15 किमी दूर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जींद रोड स्थित बंसल इंडस्ट्रीज खल बिनौला मिल की छत पर गुरुवार सुबह सेना का एक ड्रोन गिर गया। मिल प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस और सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीएसपी विनोद शंकर ने शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरबजीत सिंह व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले जांच शुरू की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह ड्रोन सेना का था, जो उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी के कारण रास्ता भटक गया और मिल की छत पर आ गिरा। इससे यहां काम कर रहे कर्मचारी घबरा गए। घटना की जानकारी मिलने पर सेना के अधिकारी भी शहर थाना पुलिस से संपर्क कर मौके पर पहुंचे। ड्रोन की हालत का निरीक्षण किया और उसे अपने कब्जे में ले लिया व जांच के बाद उसे अपने साथ ले गए। उधर, इस संबंध में आर्मी के प्रवक्ता ने कहा है कि पक्षियों के झुंड से टकराने की वजह से यह ड्रोन नीचे गिर गया था।

### पुलिस ने किया इलाके का निरीक्षण



हांसी। फैक्ट्री की छत पर गिरे सेना के ड्रोन की जांच करता सेना अधिकारी

मिल के अकाउंटेंट प्रेम ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे फैक्ट्री में काम कर रहे थे कि इसी दौरान छत पर किसी भारी वस्तु के गिरने की तेज आवाज आई। फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों ने जब छत पर छोटी हेलिकॉप्टरनुमा चीज गिरती देखी तो सभी कर्मचारी घबरा गए थे। छत पर ड्रोन गिरने के बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दी। जिसके कुछ देर बाद पुलिस और सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ड्रोन की जांच के बाद उसे अपने साथ ले गए। उन्होंने बताया कि ड्रोन के नीचे कैमरा लगा हुआ था और यह देखने में हेलिकॉप्टर जैसा लग रहा था। डीएसपी विनोद शंकर ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कॉटन फैक्ट्री की छत पर छोटे हेलिकॉप्टर जैसी वस्तु गिरने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंच पाया कि यह सेना का ड्रोन था जो किसी कारणवश यह गिर गया।उन्होंने बताया कि ड्रोन में कोई तकनीकी खराबी आई थी या वह किसी ओर वजह से गिर गया था इसकी अंतिम पुष्टि सेना ही करेगी।

### पक्षियों के झुंड से टकराकर नीचे गिरा : आर्मी प्रवक्ता

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि उनकी हिसार आर्मी कैंट के मेजर से बात हुई थी। उन्होंने माना है कि टेस्टिंग के दौरान ड्रोन गिर गया। बताया गया है कि यह ड्रोन हिसार आर्मी कैंट से उड़ा था। जहां यह गिरा है, उसकी कैंट से दूरी करीब 15 किलोमीटर है। हमने आर्मी से इसकी रिपोर्ट भी मांगी है। ड्रोन की क्षमता के बारे में आर्मी द्वारा अभी तक कुछ नहीं बताया गया है। उधर, इस संबंध में आर्मी के प्रवक्ता ने कहा है कि पक्षियों के झुंड से टकराने की वजह से यह ड्रोन नीचे गिर गया था।

Paperex
informa markets
3 - 6 DECEMBER I 2025
YASHOBHOOMI, DWARKA, NEW DELHI
Plan Your VISIT
17th Edition
WORLD'S LARGEST PAPER SHOW
Technical conference
on "Sustainable Growth of Paper, Paper Packaging & Allied Industries in the Changing Global Scenario"
by Indian Agro & Recycled Paper Mills Association (IARPMA)
Open Seminar & Business Meets
on "Paper Printing, Packaging and Converting."
by World Paper Forum (WPF)
Gujarat Paper Pavilion- A Focus State
at Hall #1
700+ Leading Brands
56+ Participating Countries
30,000+ Trade Visitors
Platinum Partner recikl.com | Gold Partner MLM | Silver Partners JK PAPER LTD. | Associate Partners prakleen | INFINITE UPTIME
In Association with INPAPER INTERNATIONAL
Entry Timings
Dec 3 - 5, 2025 I 1000 Hrs - 1800 Hrs
Dec 6, 2025 I 1000 Hrs - 1600 Hrs
SHUTTLE BUSSES AVAILABLE
Metro Station Dwarka Sector 21
Scan the QR Code to Pre- Register NOW!
Entry though Online Registration ONLY | Entry for Business & Trade Visitors Only I Children below 18 yrs Not Allowed

---

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल कर गए थे कमाल

# सरकारी वाहनों पर लगे वीवीआईपी नंबरों से करोड़ों रुपये की आय

*अब हरियाणा की गाड़ियों पर (एचआर गवर्नमेंट HR GOVT-) लिखा जाता है, जिससे दूर से ही आभास हो जाता है कि गाड़ी सरकार की है*

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में गाड़ी के वीवीआईपी नंबर की एक करोड़ से ज्यादा की बोली लगाए जाने का मामला छाया हुआ है। हालांकि अभी तक बोली लगाने वाले शख्स ने पैसा जमा नहीं कराया है, इसलिए परिवहन विभाग ने उस हरि झंडी भी नहीं दी है। हालांकि प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ और पंजाब हरियाणा में फैंसी व वीवीआईपी नंबरों की मुंह मांगी कीमत का रिवाज आज से नहीं है। प्रदेश के पूर्व सीएम और अब केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तो सरकारी अमले, सीएम के काफिले में शामिल गाड़ियों पर लगे वीवीआईपी नंबरों की आक्शन (बोली) कराने का फैसला अपने समय में लिखकर गए थे। इसके बदले में राज्य सरकार के खजाने में अब तक करोड़ों की राशि आ चुकी है।

■ पूर्व सीएम ने लिया था सरकारी वीवीआईपी नंबर छोड़ने का फैसला

### चंडीगढ़ में खास नंबर प्लेट लेने का तरीका

हरियाणा ही नहीं बल्कि चंडीगढ़ और पंजाब में भी नंबरों की नीलामी पहले से होती रही है। इसी साल चंडीगढ़ प्रशासन के रजिस्टरिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी (आरएलए) ने नई सीरीज **CH**01-**DB** के फैंसी नंबरों की नीलामी से ₹2,71,57,000 कमाने का काम किया था। नीलामी में 0001 से 9999 तक के नंबरों के साथ-साथ कुछ पुरानी सीरीज के बचे रजिस्ट्रेशन नंबर भी शामिल थे। सबसे महंगी बोली नई सीरीज के रजिस्ट्रेशन नंबर **CH**01-**DB**-0001 के लिए लगी, जो ₹22.58 लाख में बिका। इसके बाद **CH**01-**DB**-0007 नंबर ₹10.94 लाख और **CH**01-**DB**-0005 नंबर ₹10.20 लाख में बिका। नीलामी में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक हुए थे। इसके बाद 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तीन दिनों तक ऑनलाइन बोली लगाई गई। इससे पहले अगस्त में हुई ई-नीलामी में **RLA** ने ₹4.08 करोड़ की भारी कमाई की थी। उस समय, '0001' नंबर वाली सीरीज ने सबसे ज्यादा ₹36.43 लाख की बोली हासिल की थी। चंडीगढ़ में गाड़ियों के लिए खास नंबर प्लेट लेने का तरीका है। लोग अपनी पसंद के नंबरों के लिए बोली लगाते हैं और जो सबसे ज्यादा पैसे देता है, उसे वह नंबर मिल जाता है। पिछली बार '0001' नंबर ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इस बार भी '0001' नंबर सबसे महंगा बिका, जो दिखाता है कि लोग ऐसे नंबरों को कितना महत्व देते हैं। चंडीगढ़ में वाहन नंबरों की नीलामी से प्रशासन ने 2.71 करोड़ रुपये कमाए हैं। नई सीरीज **CH**01-**DB** के फैंसी नंबरों की बोली लगाई गई। सबसे महंगा नंबर **CH**01-**DB**-0001 22.58 लाख रुपये में बिका। इससे पहले अगस्त में हुई नीलामी में 4.08 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी।

### आम जनता के लिए खुले आक्शन

मनोहर लाल ने सबसे पहले अपने अर्थात (उस वक्त सीएम के काफिले) की चार गाड़ियों के वीआईपी नंबरों 0001 को छोड़ दिया था। बता दें कि उनकी घोषणा मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा मोटर वाहन नियम 1993 में संशोधन पर आए एजेंडे पर चर्चा के दौरान फैसला लिया था। सभी वीवीआईपी नम्बर आम जनता के लिए उपलब्ध हैं, जो ई-ऑक्शन से खरीदे जा सकते हैं। उस वक्त मुख्यमंत्री के अलावा मुख्य सचिव (तत्कालीन अब वित्त आयोग चेयरमैन) संजीव कौशल ने वीवीआईपी रजिस्ट्रेशन नंबर छोड़ने की घोषणा कर दी थी। जिसके बाद में 179 सरकारी गाड़ियों के नम्बर ई-ऑक्शन से खोले गए थे। सीएम की चार गाड़ियों के वीवीआईपी नंबरों से करीब 20 करोड़ भी मोटी राशि विभाग को मिली थी। सरकारी गाड़ियों के लिए एचआर-जीओवी नाम से नई सीरीज तीन साल पहले अर्थात 2022 में शुरू हो चुकी थी। उसी वक्त सरकारी गाड़ियों के नम्बर के लिए एचआर-जीओवी नाम से नई सीरीज शुरू की गई थी।

(Oil For Scabies)
खुजली का तेल
ओरिकेम खुजली का तेल
खुजली, चकत्ते और अन्य त्वचा सम्बंधित समस्याओं के लिए लाभकारी है। यह त्वचा की सूखी व गीली दोनों तरह की खुजली में उपयोगी है।
12D/75/4127/09/25/271

ग्रीन ऑइंटमेंट
नीम के गुणों से भरपूर
ओरिकेम ग्रीन ऑइन्टमेंट कील-मुहांसें, फोड़े- फुंसी, घाव, कटने, खुजली और जिद्दी त्वचा आदि रोगों के लिए विशिष्ट दवा है.
12D/75/4127/09/25/268

केशरी बालामृत
बच्चों की ताकत बढ़ाने मे सहयोगी
दांत-दाढ़ निकलना, सर्दी, खांसी, हरे-पीले दस्त, दूध पटकना, अपचन आदि में उपयोगी।
12D/75/4127/09/25/270

नारी रसायन टेबलेट
अनियमित मासिकधर्म, मेनोपोज, थकान, पीठ दर्द, तनाव, बैचेनी मिटाकर भूख बढ़ाने में सहायक
स्त्री रोगों को मिटाकर नवजीवन देने मे सहायक
12D/75/4127/09/25/269

From the house of जालिमलोशन®
प्रत्येक शहर में डीलर एवं दुकान-दुकान रेडी स्टाक बेचने हेतु सेल्समेन चाहिये।
E-mail zalimlotion1929@gmail.com, Whatsapp No.: 9329791558
ओरिएंटल केमिकल वर्क्स, प्राणसुधा भवन, रेल्वे स्टेशन के सामने, राऊ, इन्दौर (म.प्र.) - 453331, Web.: www.zalimlotion.in

